**बिहार सरकार**
**खेल विभाग**

ज्ञाप संख्या–1/स्था. 01(स्थापना)–24/2026..263...   पटना, दिनांक–..6....7.... /2026

**सेवा में,**

**महालेखाकार (ले० एवं ह०),**
वीरचंद पटेल पथ, बिहार, पटना।

**विषयः–** **टाइमस ऑफ इंडिया के एस.एफ.आई. एक्सपो, 2026 नई दिल्ली में स्टेट ऑफ एक्सीलेंस के रूप में बिहार सरकार को भाग लेने हेतु कॉन्फ्रेंस सेमिनार मद में कुल राशि ₹56,64,000/-(छप्पन लाख चौसठ हजार रूपये) मात्र व्यय की स्वीकृति।**

आदेश– स्वीकृत।

2. राशि का विकलन वर्त्तमान वित्तीय वर्ष 2026–27 में मांग संख्या–52 के अधीन बजट शीर्ष "2204–खेलकूद तथा युवा सेवाएँ–104–खेल–कूद–0109–खेल कूद" विपत्र कोड–52–2204001040109 के अंतर्गत विषय शीर्ष–2002–कॉन्फ्रेंस, कार्यशाला, सेमिनार मद में उपबंधित राशि से व्यय होगा।

3. राशि की निकासी अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, खेल विभाग, बिहार, पटना द्वारा सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना से की जायेगी तथा सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना में महानिदेशक–सह–मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के नाम संधारित पी०एल० खाता PBBPLA035 में अंतरित किया जायेगा।

4. स्वीकृत राशि का लेखा–जोखा अलग रखा जायेगा। भारत सरकार/बिहार सरकार के वित्त अंकेक्षण को स्वीकृत राशि के अंकेक्षण का अधिकार होगा। स्वीकृत राशि या उसके किसी अंश के दुरूपयोग प्रमाणित होने पर संस्था से राशि वसूलनीय होगी।

5. यह स्वीकृति वित्त विभाग के संकल्प सं०–12888, दिनांक–03.12.2024 में निहित प्रावधान के आलोक में दी गयी है।

6. खेल विभाग, बिहार, पटना के संकल्प संख्या–1488, दिनांक–01.10.2024 के आलोक में राशि की स्वीकृति में विभागीय सचिव महोदय का अनुमोदन प्राप्त है।

7. इस राशि की स्वीकृति पर माननीय मंत्री, खेल विभाग, बिहार, पटना का अनुमोदन दिनांक–01.07.2026 को संचिका सं०–1/स्था. 01(स्थापना)–24/2026 के (पृष्ठ सं०–02/टि०) पर प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

6/7/26

(निरंजन कुमार)
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक– 1/स्था. 01(स्थापना)–24/2026..263..   पटना, दिनांक–6......7..... /2026

प्रतिलिपि :– कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. महानिदेशक, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

1695 R

3. सचिव के प्रधान आप्त सचिव/संयुक्त सचिव/अवर सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी/विभागीय बजट/लेखा शाखा (दो प्रतियों में)/आई०टी० मैनेजर, खेल विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

सरकार के संयुक्त सचिव।

1696 R